देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 17 अंक: 19 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...** देश में कैसी तकलीफों से गुजरे



# पेज श्री

देहरादून, रविवार, 17 अप्रैल 2022



मौसम अधिकतम 35.0° न्यूनतम 24.0° | 40243.38 | 2 अब जेलेंस्की ने दी चेतावनी | 7 कोहली को भी बख्शा नहीं जाएगा

# ई-संजीवनी सेवा से बेहतर हो रहे हालात

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने शनिवार को टेलीकंसल्टेशन सेवाओं को व्यापक रूप से अपनाने का हवाला देते हुए कहा कि भारत स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में टोकन समाधान से कुल समाधान की ओर बढ़ गया है। मंत्री ने कहा कि दूरसंचार सेवा ई-संजीवनी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कल्पना के अनुसार विशेष रूप से ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रही है।

इसके साथ ही स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि 1,17,400 आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र (एबी-एचडब्ल्यूसी) को कार्यात्मक बनाया गया है। सरकार ने कहा कि वह दिसंबर 2022 तक 1,50,000 ऐसे केंद्र स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। ई-संजीवनी एचडब्ल्यूसी के पोर्टल पर एक लाख से अधिक ने सफलतापूर्वक पंजीकरण कराया है। कई राज्यों में लोग ई-संजीवनी के लाभों को ले रहे हैं और इससे स्वास्थ्य सेवाओं की मांग के इस डिजिटल तरीके को व्यापक रूप से तेजी से अपनाने की एक उत्साहजनक प्रवृत्ति हुई है।

स्वास्थ्य मंत्री मंडाविया ने एक वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों की चौथी वर्षगांठ समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि मरीज स्वास्थ्य सेवाओं की तलाश के लिए इस अभिनव डिजिटल माध्यम का उपयोग करके दैनिक आधार पर डाक्टरों और विशेषज्ञों से परामर्श करते हैं। मंत्री ने कहा कि कुछ एचडब्ल्यूसी कुछ गंभीर बीमारियों जैसे मुंह, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के लिए स्क्रीनिंग सेवाएं भी प्रदान कर रहे हैं। इससे न केवल जल्दी पता लगाने में मदद मिलती है बल्कि मरीज को जल्दी इलाज भी उपलब्ध होता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं और स्वस्थ समाज से स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण होता है।

स्वास्थ्य राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार ने कहा कि 1,17,440 से अधिक स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र सक्रिय रूप से देश भर में विस्तारित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

## स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ समाज का कर सकते हैं निर्माणः मंडाविया

**लोगों ने सफलतापूर्वक पंजीकरण किया**

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा कि देश में 1,17,400 आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र (एबी-एचडब्ल्यूसी) को कार्यात्मक बनाया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि सरकार दिसंबर 2022 तक 1,50,000 ऐसे केंद्र स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। ई-संजीवनी एचडब्ल्यूसी और पोर्टल पर एक लाख से अधिक लोगों ने सफलतापूर्वक पंजीकरण किया है।



**एबी-एचडब्ल्यूसी स्वास्थ्य मेलों के बारे में जागरूकता फैलाने की सलाह**

स्वास्थ्य मंत्री मंडाविया ने कहा कि दूर-दराज के क्षेत्रों के लोगों के लिए दूर-परामर्श सेवाएं बहुत महत्वपूर्ण हैं और स्वास्थ्य सेवाओं को सभी के लिए सुलभ बनाने में सहायक हैं। मंत्री ने जोर देकर कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सभी हितधारकों को स्पोक पर सेवाएं प्रदान करने और उन्हें हब से कुशलता से जोड़ने के लिए जुटना चाहिए। उन्होंने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को एबी-एचडब्ल्यूसी स्वास्थ्य मेलों के बारे में जागरूकता फैलाने की सलाह दी है। जो सभी एचडब्ल्यूसी में 17 अप्रैल को आयोजित होने वाले योग सत्रों के अलावा 18-22 अप्रैल तक आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आयोजित किए जाएंगे।

## कोरोना मामलों में फिर इजाफा, 4 की गई जान

नई दिल्ली। देश में कोरोना के नए मामलों में इजाफा देखने को मिला है, हालांकि यह संख्या एक बार फिर एक हजार से कम आई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना के 975 नए मामले सामने आए हैं। वहीं कोरोना को मात देने वाले लोगों की संख्या में भी गिरावट आई है। इस दौरान 796 लोग ठीक हुए हैं तो वहीं 4 लोगों ने जान गवाई है। अब तक कोरोना से भारत में कुल 5,21,747 लोग जान गंवा चुके हैं। कोरोना के नए मामलों में बीते 24 घंटों में ज्यादा बढ़ोतरी देखने को नहीं मिली है। लेकिन एक्टिव मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है, ऐसा इसलिए भी है क्योंकि रिकवरी में कमी देखने को मिली है।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम मोदी सोमवार से तीन दिवसीय गुजरात दौरे पर

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 18 अप्रैल से अपने गृह राज्य गुजरात के तीन दिवसीय दौरे पर होंगे। इस दौरान उनका कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेने का कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि पीएम मोदी 18 अप्रैल को गांधीनगर में स्कूलों के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का दौरा करेंगे और अगले दिन वह राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

### हनुमान जी एक भारत, श्रेष्ठ भारत का अहम सूत्रः पीएम

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मोरबी में शनिवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए हनुमान जी की 108 फीट ऊंची प्रतिमा का किया। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार हनुमानजी चार धाम परियोजना के तहत देश के चारों दिशाओं में बनाई जा रही भगवान की प्रतिमाओं में से यह दूसरे नंबर की है।

# कांग्रेस में प्रशांत किशोर की एंट्री की तैयारी!

## सोनिया गांधी के घर दिग्गज नेताओं का महामंथन

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। हाल ही में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में मिली पराजय के बाद कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक की। रिपोर्ट के मुताबिक कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर के साथ यह बैठक की जिसमें राहुल गांधी, अंबिका सोनी, दिग्विजय सिंह, मल्लिकार्जुन खड़गे, अजय माकन और केसी वेणुगोपाल जैसे दिग्गज मौजूद रहे। सूत्रों की मानें तो प्रशांत किशोर के कांग्रेस में शामिल होने की अटकलों की पृष्ठभूमि में यह बैठक हुई।

कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने इस बैठक के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 2024 में होने वाले आम चुनावों को लेकर प्रशांत किशोर ने एक प्रेजेंटेशन दी। पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी और वरिष्ठ नेताओं के सामने पेश की गई इस प्रेजेंटेशन पर समीक्षा के लिए टीम गठित की जाएगी। यह टीम कुछ समय बाद अपनी रिपोर्ट सौंपेगी जिसके बाद आखिरी निर्णय लिया जाएगा। यह बैठक ऐसे समय हुई है जब आने वाले कुछ महीनों में गुजरात और हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इससे पहले प्रशांत किशोर ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के साथ बातचीत की थी। सोनिया गांधी ने अपने आवास पर यह बैठक बुलाई।

सूत्रों की मानें तो यह बैठक इस साल गुजरात और हिमाचल प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस की चुनावी तैयारियों की पृष्ठभूमि में भी हुई। पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे कांग्रेस के लिए किसी झटके से कम नहीं थे।

**देश में फैलाया जा रहा नफरत का वायरसः सोनिया गांधी**

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सरकार पर बड़ा हमला किया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि नफरत, कट्टरता और असहिष्णुता देश को अपनी चपेट में ले रही है, अगर इन्हें रोका नहीं गया तो यह समाज को नुकसान पहुंचाएगा। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने अपने एक लेख में लोगों से आह्वान किया है कि इसे आगे नहीं बढ़ने दिया जाए। उन्होंने लोगों से घृणा की इस प्रचंड आग और सुनामीश को रोकने का आग्रह किया। लेख में सोनिया ने लिखा कि अगर इस आग को नहीं रोका गया तो ये पिछली पीढ़ियों द्वारा इतनी मेहनत से बनाई गई सभी चीजों को नष्ट कर देगी।

# परिवार तक स्वास्थ्य सुविधाओं का पहुंचेगा लाभः स्वास्थ्य मंत्री

संवाददाता

देहरादून। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य में 1464 हैल्थ एण्ड वैलनेस सेन्टर संचालित किए जा रहे है, जिसमें से 1031 उपकेन्द्र, 38 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 395 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर हैल्थ एण्ड वैलनेस सेन्टर संचालित हो रहे हैं। विगत वर्षों में स्वास्थ्य उपकेन्द्रों पर केवल एएनएम तैनात रहती थी, जो मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा टीकाकरण की सेवाएं देती थी। उन्होंने बताया उपकेन्द्रों को हैल्थ एण्ड वैलनेस सेन्टर के रूप में उच्चीकृत करने के उपरान्त यहां पर प्रशिक्षित मिड लेवल हैल्थ प्रोवाईडर को तैनात किया गया है, जिसके द्वारा गर्भाशय, स्तन एवं मुंह के कैंसर की स्क्रीनिंग, उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह की जांच तथा अन्य गैर संचारी रोगों से बचाव के बारे में परामर्श दिया जाता है। इसके अतिरिक्त प्रसव पूर्व प्रसव पश्चात, टीकाकरण तथा परिवार नियोजन सेवाएं भी दी जा रही हैं। हैल्थ एण्ड वैलनेस सेन्टर्स पर योग शारीरिक व्यायाम, पोषण एवं स्वच्छ खानपान के बारे में जागरूकता तथा परामर्श भी प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा इस मौके पर हैल्थ एण्ड वैलनेस सेन्टर्स पर टेलीकंसलटेशन की सुविधा प्रदान कराने का कार्य आरम्भ होगा तथा ई-संजीवनी पोर्टल के माध्यम से टेलीकंसलटेशन की व्यवस्था को देखा जायेगा।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा की स्वास्थ्य मेले में संबंधित क्षेत्र के सांसद, विधायक जिला पंचायत अध्यक्ष एवं अन्य जन प्रतिनिधियों की सहभागिता प्राप्त कर उनके माध्यम से शुभारम्भ एवं प्रतिभागिता सुनिश्चित करायी जायेगी, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जन प्रतिनिधियों द्वारा जनता के साथ स्वास्थ्य संवाद स्थापित हो सके और स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूकता उत्पन्न की जा सके। विस्तृत खबर पेज 8 पर...

**योजना**

■आयुष्मान भारत-हैल्थ एण्ड वैलनेस सेन्टर के नाम से योजना संचालित

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

Website Development — All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding — 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation — A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.

Contact: **Gadoli Media Ventures**

Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930

E-Mail: contact@gadoli.in

# बंगाल में बाबुल और शत्रुघ्न की बड़ी जीत

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। आज देश की एक लोकसभा और चार विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों के परिणाम आ गए हैं। जिन चार विधानसभा सीटों पर काउंटिंग हुई, वे हैं पश्चिम बंगाल में बालीगंज, छत्तीसगढ़ में खैरागढ़, बिहार में बोचहां और महाराष्ट्र का कोल्हापुर।

वहीं एक लोकसभा सीट पश्चिम बंगाल की आसनसोल है। इन सीटों पर 12 अप्रैल को मतदान हुआ था। आसनसोल लोकसभा उपचुनाव पर टीएमसी के शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि पहले कुछ जगहों पर खेला होबे ईवीएम के साथ होता था, लेकिन यहां स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव बिना किसी डर के होते हैं। उन्होंने कहा कि बनर्जी देश की पसंदीदा और लोकप्रिय नेता हैं। वह एक 2024 के चुनावों में गेम-चेंजर होंगी।

महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महा विकास अघाड़ी की सहयोगी पार्टी कांग्रेस के उम्मीदवार जयश्री जाधव ने कोल्हापुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में हुए उपचुनाव में भाजपा के उम्मीदवार सत्यजीत कदम को 18,000 से अधिक मतों के अंतर से हरा दिया है।

**चीन तिआनवेंडियान हाईवे को चौड़ा कर रहा है**